निदेशक मंडल
सितम्बर 12, 2008 को

BOARD OF DIRECTORS
As on September 12, 2008



दया ष्ण भट्ट
D. K. Bhatt
अध्यक्ष/Chairman

बलविन्दर सिंह नकई
Balvinder Singh Nakai
उपाध्यक्ष/Vice-Chairman



एच. पी. वर्मा
H.P. Verma
निदेशक/Director

एन. के. नगायच
N. K. Nagayaich
निदेशक/Director

जी. पी. त्रिपाठी
G. P. Tripathi
निदेशक/Director

नारायण लाल अहीर
N. L. Ahir
निदेशक/Director

प्रवीण अग्रवाल
Praveen Agarwal
कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी/
Acting Chief Executive

पंजीकृत कार्यालय / REGISTERED OFFICE

53–54, गोवर्धन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110 019
53-54, Goverdhan, Nehru Place, New Delhi - 110 019

वर्तमान पता / PRESENT ADDRESS

401–402 लक्ष्मी भवन, 72 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110 019
401-402 Laxmi Bhawan, 72 Nehru Place, New Delhi - 110 019

लेखा परीक्षक / AUDITORS

मैसर्स एस.पी. चौपड़ा एण्ड कम्पनी, 31–एफ, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110 001
M/s S.P. Chopra & Co., 31-F, Connaught Place, New Delhi - 110 001

निदेशक मंडल

सितम्बर 12, 2008 को

1.	श्री डी. के. भट्ट	अध्यक्ष
2.	श्री बलविन्दर सिंह नकई	उपाध्यक्ष
3.	श्री एच. पी. वर्मा	निदेशक
4.	श्री एन. के. नगायच	निदेशक
5.	श्री जी. पी. त्रिपाठी	निदेशक
6.	श्री नारायण लाल अहीर	निदेशक
7.	श्री प्रवीण अग्रवाल	मुख्य कार्यकारी

BOARD OF DIRECTORS

As on September 12, 2008

1.	Shri D. K. Bhatt	Chairman
2.	Shri B. S. Nakai	Director
3.	Shri H. P. Verma	Director
4.	Shri N. K. Nagayaich	Director
5.	Shri G. P. Tripathi	Director
6.	Shri Narayan Lal Ahir	Director
7.	Shri Praveen Agarwal	Chief Executive

सितम्बर 12, 2008 को

As on September 12, 2008

पूर्व अध्यक्ष/Ex-Chairman

डा. वी. कुमार
(अक्टूबर 22, 1993 – फरवरी 11, 2003)
Dr. V. Kumar
(Oct. 22, 1993 - Feb. 11, 2003)

पूर्व मुख्य कार्यकारी/Ex-Chief Executives

स्व. डा. ओ. पी. गौड़
(अक्टूबर 22, 1993 – अगस्त 31, 2000)
Late Dr. O. P. Gaur
(Oct. 22, 1993 - Aug. 31, 2000)

श्री अशोक आलम्बेन
(सितम्बर 01, 2000 – सितम्बर 03, 2002)
Sh. Ashok Alambain
(Sept. 01, 2000 - Sept. 03, 2002)



स्व. डा. पी. एस. मरवाहा
(सितम्बर 03, 20002 – सितम्बर 02, 2008)
Late Dr. P. S. Marwaha
(Sept. 03, 2002 - Sept. 02, 2008)

परियोजना क्षेत्र

IFFDC

PROJECT AREA

आई.एफ.एफ.डी.सी. लिमिटेड

संस्था

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) द्वारा संवर्द्धित इण्डियन फार्म फोरेस्ट्री डवलपमेंट को–ऑपरेटिव लिमिटेड़ (आई.एफ.एफ.डी.सी.) का पंजीकरण अक्टूबर 22, 1993 को बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 1984 के अंतर्गत किया गया। इफको की परिकल्पना के अनुसार यह वृहद स्तर पर बंजर भूमि पर वृक्षारोपण व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक प्रतिमान संस्था के रूप में उभर कर आयी है।

मिशन

"संगठित प्रयासों से चिरन्तर प्राकृतिक संसाधनों के विकास द्वारा लोगों के सामाजिक–आर्थिक स्तर का उत्थान"।

उद्देश्य

- परिस्थितिकीय संतुलन एवं अतिरिक्त रोजगार उत्पन्न करने हेतु बंजर भूमि का विकास।
- एकीकृत खेती पद्धतियों द्वारा ग्रामीण समुदाय व बंजर भूमि का विकास।
- सहकारी समितियों व स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लोगों की सहभागिता बढाना व महिला सशक्तिकरण करना।
- पी.एफ.एफ.सी.एस. व एस.एफ.एफ.सी.एस. के सदस्यों को आर्थिक, तकनीकी व प्रसार सेवाएं उपलब्ध कराना।

पंजीकृत कार्यालय

संस्था का पंजीकृत कार्यालय 53–54, गोवर्धन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 है।

IFFDC LTD.

The Organisation

Indian Farm Forestry Development Co-operative Ltd. (IFFDC) promoted by Indian Farmers Fertiliser Cooperative Ltd. (IFFCO) was registered on 22nd October 1993 under the Multi-State Co-operative Societies Act, 1984. As visualized by Indian Farmers Fertilizers Cooperative Limited (IFFCO). it has become a model for large scale adoption in the field of afforestation on wasteland and rural development.

Mission

"To enhance the socio-economic status of the people through collective action by Sustainable Natural Resources Development"

Objectives

- Wasteland development for ecological balance and generate additional employment.
- Development of wasteland and rural community through Integrated Farming Systems approach.
- People's involvement including women empowerment through co-operatives/SHGs.
- To provide Financial, Technical & Extension services to the members of PFFCS and SFFCS.

Registered Office

Registered office of IFFDC is 53-54, Goverdhan, Nehru Place, New Delhi -110 019.

14वीं वार्षिक आम सभा बैठक प्रगति में।

14th Annual General Body Meeting in Progress.

सदस्यता

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर को–ऑपरेटिव लिमिटेड (इफको), राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी.), प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियाँ (पी.एफ.एफ.सी.एस.), प्राथमिक आजीविका विकास सहकारी समितियाँ (पी.एल.डी.सी.एस) आई.एफ.एफ.डी.सी. के सदस्य हैं। 31 मार्च, 2008 तक 163 समितियाँ आई.एफ.एफ.डी.सी. की सदस्य हैं।

शेयर पूंजी

100 करोड़ रू. की अधिकृत शेयर पूंजी के विपरीत 31.03.2008 तक इसकी अभिदत्त व प्रदत्त पूंजी 9.28 करोड़ रू. है। इसमें से 8.60 करोड़ रुपये की अंशदान पूँजी इफको की 0.10 करोड़ रु. एन.सी.डी.सी. तथा 0.58 करोड़ रु. पी.एफ.एफ.सी.एस. तथा पी.एल.डी.सी.एस. की है।

Membership

Indian Farmers Fertiliser Co-operative Ltd. (IFFCO), National Co-operative Development Corporation (NCDC), Primary Farm Forestry Co-operative Societies (PFFCS), and Primary Livelihood Development Cooperative Societies (PLDCS) are its members. As on March 31, 2008, 163 Societies are members of IFFDC.

Share Capital

The subscribed and paid-up capital as on 31.03.2008 is Rs. 9.28 crores against the authorized share capital of Rs.100 crores. Out of this, Rs. 8.60 crores have been contributed by IFFCO, 0.10 crore by NCDC and 0.58 crore by PFFCS and PLDCS.

आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा संवर्द्धित महगांव प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समिति लि., जिला कौशाम्बी (उ.प्र.) का दृश्य।

View of IFFDC promoted Mahgaon Primary Farm Forestry Cooperative Society Ltd, Distt. Kaushambi (U.P.).

पुरस्कार

आई.एफ.एफ.डी.सी. ने एक संस्था के रूप में निम्न प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं :

1. वृक्षारोपण तथा बंजरभूमि विकास में विशिष्ट कार्य करने के लिये पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **"इंदिरा प्रियदर्शिनी वृक्षमित्र पुरस्कार, 1999"**। संस्था द्वारा संवर्द्धित पाँच प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियों (राजस्थान में सांगवा व रख्यावल, उत्तर प्रदेश में कटारी व मड़वा तथा मध्य प्रदेश में करैया) ने भी विभिन्न वर्षों में बंजर भूमि विकास व वृक्षारोपण में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु यह पुरस्कार जीता है।
2. ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि में उत्कृष्ट योगदान के लिये भारतीय व्यापार मंडल, मुंबई द्वारा **"पर्यावरण, कृषि तथा ग्रामीण विकास पुरस्कार 2002"** शीर्षित आई.एम.सी. डायमण्ड जुबली एण्डोवमेण्ट ट्रस्ट अवार्ड।
3. **"उत्कृष्ट सामूहिक नागरिकता तथा स्थायित्व" योग्य पहलों हेतु किये गये प्रयत्नों के लिए टेरी (द एनर्जी एण्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट)** द्वारा इसके सामूहिक सामाजिक दायित्व पुरस्कार 2004–05 एवं 2007 के अन्तर्गत दो बार प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है।
4. अध्यक्ष आई.एफ.एफ.डी.सी को अर्थ मैटर फाउंडेशन द्वारा देश में वानिकी के माध्यम से बंजर भूमि का विकास करने हेतु **"अर्थ मैटर"** अवार्ड प्रदत्त किया गया।
5. एमिटी इन्टरनेशनल बिजनेस स्कूल (एमिटी यूनीवर्सिटी), नोएडा ने बंजर भूमि में वन रोपण के विशिष्ट योगदान, ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के प्रोत्साहन एवं पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में योगदान के लिए **"एमिटी कारपोरेट एक्सीलेन्ट अवार्ड 2008"** प्रदत्त किया गया।

Awards

IFFDC as an organization has won following prestigious awards:

1. **"Indira Priyadarshini Vrikashamitra Puraskar 1999"** conferred by the Ministry of Environment and Forest, Govt. of India for excellence in afforestation and wasteland development. Five of its promoted PFFCS (Sangwa & Rakhyawal in Rajasthan, Katari & Madwa in U.P. & Karaiya in M.P.) have also won this Puraskar for their outstanding work in afforestation & wasteland development in different years.
2. IMC Diamond Jubilee Endowment Trust Award, titled **"Environment, Agriculture and Rural Development Award 2002"** conferred by Indian Merchants' Chamber, Mumbai for outstanding contribution to the cause of promoting the growth of rural economy.
3. Twice the "Certificate of Appreciation" of **"Corporate Social Responsibility" Award 2004-05 and 2007** conferred by "The Energy and Resource Institute" (TERI), New Delhi for efforts made by IFFDC towards initiatives for Corporate Citizenship and sustainability.
4. **"Earth Matter"** award conferred on Chairman IFFDC by Earth Matters Foundation for integrated development of wastelands through afforestation in the country.
5. **"Amity Corporate Excellence Award 2008"** conferred by Amity International Business School (Amity University), Noida for its outstanding contribution towards afforestation on wasteland, environment conservation and promoting the growth of rural economy.

डॉ. पी.एस. मारवाहा, मुख्य कार्यकारी, आई.एफ.एफ.डी.सी., नई दिल्ली "एमिटी कारपोरेट एक्सीलेन्ट अवार्ड 2008" प्राप्त करते हुए।

Dr. P.S. Marwaha, Chief Executive, IFFDC, New Delhi receiving the "Amity Corporate Excellence Award 2008".

निदेशकों की रिपोर्ट

माननीय सहकारी बन्धुओं

इंडियन फार्म फोरेस्ट्री डवलपमेन्ट कोआपरेटिव लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से मुझे आपकी समिति की 15वीं वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। इस रिपोर्ट में आपकी समिति के वर्ष 2007–08 के कार्यनिष्पादन का लेखा–जोखा तथा 31 मार्च, 2008 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षित लेखे मय लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2007–08 आपकी समिति के लिये उल्लेखनीय उपलब्धियों वाला रहा है। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए समिति ने इस वर्ष भी ग्रामीण विकास के क्षेत्र विशेषकर गरीबों, महिलाओं एवं संसाधन विहीन आदिवासियों के आजीविका विकास, पिछड़े समुदाय के क्षमता विकास तथा पर्यावरण सुधार लाने हेतु विभिन्न परियोजनाओं जैसे :– प्रक्षेत्र वानिकी परियोजनाऐं, उड़ीसा में इफको द्वारा सहयोग प्रदत्त "ग्रामीण विकास के माध्यम से आजीविका सुधार" (लिरड) तथा पश्चिमी बंगाल में "ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना" (आर.एल.डी.पी.); उत्तर प्रदेश में स्टेट इंनोवेशन्स इन फेमिली प्लानिंग सर्विसेस (सिफ्पसा) के माध्यम से यू. एस.आई.डी. द्वारा वित्तपोषित "प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य परियोजना" एवं आयडा के सहयोग से "उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य प्रणाली विकास परियोजना" (यू.पी.एच.एस.डी.पी.), झारखण्ड में "सहकारी विकास माध्यम से आजीविका सुधार"; मध्य प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संस्था के सहयोग से "इण्डस बाल श्रम परियोजना, राजस्थान ने विश्व बैंक के सहयोग से "जिला गरीबी उन्मूलन परियोजना" (डी.पी.आई.पी.); उत्तराखण्ड में इफाड के सहयोग से "हिमालय हेतु उत्तरांचल आजीविका उत्थान परियोजना" तथा पर्यावरण व वन मन्त्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय वनीकरण एवं पारिस्थतिकीय विकास बोर्ड के सहयोग से सामुदायिक भूमि पर वृक्षारोपण; मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से नरेगा के अन्तर्गत समन्वित जलग्रहण विकास परियोजनाऐं, छत्तरपुर व श्योपुर (म.प्र.) के माध्यम से श्रेष्ठ कीर्तिमान के पथ पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखा।

वर्ष के दौरान, आई.एफ.एफ.डी.सी. ने सिफ्पसा के सहयोग से जिला इलाहाबाद, उ.प्र. के फूलपुर और बहेरिया

Directors' Report

Honourable cooperators

On behalf of the Board of Directors of Indian Farm Forestry Development Co-operative Ltd., it is my proud privilege to place before you the 15th Annual Report of your society. The report presents the performance of your society for the financial year 2007-2008 along with the Audited Statement of Accounts for the year ending March 31, 2008 and the Auditor's Report thereon.

It gives me immense sense of satisfaction that the year 2007-2008 has been a year of remarkable achievements for your society. In the line with its excellent track record, the society continued to maintain high standards of performance in the field of rural development with special emphasis towards livelihood enhancement of poor, women and resource less tribals, capacity building of underprivileged community and environment upgradation etc through its various ongoing projects viz; Farm Forestry Projects; "Livelihood Improvement through Integrated Rural Development" (LIIRD) in Orissa and "Rural Area Livelihood Development Project" (RLDP), West Bengal supported by IFFCO; "Reproductive & Child Health Project" funded by USAID through State Innovation in Family Planning Services Agency (SIFPSA) and "Uttar Pradesh Health Systems Development Project" (UPHSDP) by IDA in U.P.; "Livelihood Improvement through Cooperative Development" (LICD) in Jharkhand; "Indus Child Labour Project" supported by International Labour Organization (ILO) in M.P.; "District Poverty Initiative Projects" (DPIP) supported by World Bank in Rajasthan; "Uttaranchal Livelihood Improvement Project for Himalayas" (ULIPH) supported by International Fund for Agriculture Development (IFAD) in Uttrakhand; Afforestation on community land supported by National Afforestation and Eco Development Board (NAEB); Ministry of Environment & Forests, Govt. of India, and Integrated Watershed Development Projects at Chhattarpur & Sheopur supported by Govt. of M.P. under NAREGA.

During the year, IFFDC diversified its activities further by undertaking projects on Clinic Based

खण्डों हेतु "चिकित्सालय आधारित प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं; मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश सरकार की स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों का गठन, प्रबंधन व क्षमता निर्माण; नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित करैया सुरखी जलग्रहण विकास परियोजना, सागर (म.प्र.), नाबार्ड, रायपुर (छ.ग.) के सहयोग से जल ग्रहण विकास परियोजना (छत्तीसगढ़); इफको छत्तीसगढ़ पावर लि. (आई.सी.पी.एल.) के सहयोग से वृक्षारोपण, औषधीय पौधों की खेती तथा सामाजिक विकास से आजीविका सुधार परियोजना; इफको के सहयोग से समग्र ग्रामीण विकास परियोजना, शिवगंगई (तमिलनाडु) एवं समग्र ग्रामीण विकास परियोजना, छिन्दवाड़ा (म.प्र.); नाबार्ड की वित्तिय सहायता से जलग्रहण विकास परियोजना, निजामाबाद (आन्ध्र प्रदेश); वाडी परियोजना, प्रतापगढ़ (राजस्थान) एवं कवर्धा (छत्तीसगढ़) का संचालन कर अपनी गतिविधियों में विविधीकरण किया।

समिति को आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली के माध्यम से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेशी परियोजना (एन.ए.आई.पी.) के उदयपुर में क्रियान्वयन हेतु महाराणा प्रताप कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के साथ एक कन्सोर्शियम पार्टनर के रूप में चयनित होने पर गर्व है।

आपकी समिति के विभिन्न कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के पीछे आई.एफ.एफ.डी.सी. की अति उत्साही, कर्मठ एवं प्रतिभावान कर्मचारियों की समर्पित टीम को मैं बधाई देता हूँ।

इस रिपोर्ट में वर्ष 2007–08 में आई.एफ.एफ.डी.सी. संस्था द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में प्राप्त की गई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत हैं।

Reproductive Health Service for Phulpur & Bahariya Block in Allahabad district of UP supported by SIFPSA; Formation, management and Capacity Building of SHGs under Swarnjayanti Gram Swarojgar Yojana of Govt. of M.P.; NABARD funded Karaiya-Surkhi Watershed Development Project Sagar (MP); Watershed Development Project, Chattishgarh supported by NABARD Raipur (Chattisgarh); Livelihood Improvement through Afforstation, Cultivation of Medicinal Plants and Social Development Project, supported by IFFCO-Chhattisgarh Power Ltd. (ICPL); Integrated Rural Development Project, Shivagangai (Tamil Nadu) and Integrated Rural Development Project, Chhindwara (M.P.) supported by IFFCO; Watershed Development Project, Nizamabad (Andhra Pradesh); Wadi Project Pratapgarh (Rajasthan) & Kuwardha (Chhattisgarh) with Financial support of NABARD.

The society is proud for being selected as a consortium partner with Maharana Pratap University of Agricultural & Technology, Udaipur for implementing the prestigious National Agricultural Innovation project (NAIP) at Udaipur (Rajasthan) through ICAR New Delhi.

I congratulate the highly motivated, talented and dedicated professional team of IFFDC, which has been the driving force behind successful implementation of various projects and programmes of your society.

The highlights of the achievements made by IFFDC in its various projects during the year 2007-2008 are being presented in this report.

समन्वित ग्रामीण विकास परियोजनाऐं
INTEGRATED RURAL DEVELOPMENT PROJECTS

I. समन्वित प्रक्षेत्र वानिकी परियोजना

विकास व प्रसार गतिविधियों के लिए विख्यात इफको ने बंजर भूमि के सुधार, समुदाय के लिए रोजगार सृजन व ईंधन, चारा तथा लकड़ी की व्यवस्था करने हेतु 1986–87 में बंजर भूमि विकास पर एक पायलेट परियोजना शुरू की थी। आई.एफ.एफ. डी.सी. द्वारा इंडिया कनाडा एन्वायरमेंट फेसिलिटी (आई.सी.ई. एफ.) और इफको की वित्तिय सहायता से 1 अप्रैल 1995 से 31 मार्च, 2002 के दौरान प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियों के संवर्द्धन के माध्यम से बंजर भूमि की उत्पादकता में सुधार तथा समन्वित प्रक्षेत्र वानिकी, कुशल जल प्रबंधन एवं ऊर्जा संरक्षण पद्धति को अपनाकर ग्रामीण गरीबों को लाभ प्रदत्त करने हेतु वृहद स्तर पर सहभागी प्रक्षेत्र वानिकी परियोजना का भी क्रियान्वयन किया गया।

परियोजना का कार्य क्षेत्र राजस्थान के उदयपुर, राजसमंद व चित्तोड़गढ जिलों, मध्य प्रदेश के सागर, टीकमगढ़ और छत्तरपुर जिलों, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, इलाहाबाद, रायबरेली, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, लखनऊ और उन्नाव जिलों तक विस्तारित था। इस परियोजना के लक्ष्य समूह लगभग 90 प्रतिशत में छोटे और सीमान्त कृषक और भूमिहीन शामिल थे। अप्रैल 1987 से मार्च 2002 तक आई.एफ. एफ.डी.सी. द्वारा (28,287 की सदस्यता के साथ) 145 प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियां (पी.एफ.एफ.सी.एस.) संवर्द्धित की गयीं, जिन्होंने 26,208 हैक्टे. बंजर भूमि (10,955 हैंक्टे. उ.प्र. में, 6,271 हैंक्ट. म.प्र. में एवं 8,982 हैक्ट. राज. में) पर विविध प्रजातियों जैसे शीशम, सुबबूल, बबूल, सफेदा, करंज, आंवला, अमरूद इत्यादि का वृक्षारोपण किया।

वर्ष के दौरान समितियों द्वारा 3.78 लाख वानिकी पौधे, मुख्यत: सफेदा, बिलायती बबूल, नीम, शीशम, बबूल (2.18 लाख उ.प्र. में, 0.85 लाख म.प्र. में एवं 0.75 लाख राज. में) रोपित किए गये। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश की समितियों द्वारा 8,483

महाराज की नेतावल प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समिति, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) में उपस्थित महिला सदस्याऐं।

Women members present at Maharaj Ki Netawal Primary Farm Forestry Cooperative Society, Dist. Chittorgarh (Raj.)

I. INTEGRATED FARM FORESTRY PROJECT

IFFCO, well known for its extension and rural development activities launched a Pilot Project on wasteland development in 1986-87 to improve the degraded land, generate employment and provide fuel, fodder and timber to the community. IFFDC also implemented participatory farm forestry development project at a large scale with the financial assistance of India Canada Environment Facility (ICEF) and IFFCO, during April 1995 to 31st March, 2002 to improve productivity of the degraded lands and provide benefits to the rural poor by adopting integrated farm forestry, efficient water management and energy conservation system by promoting PFFCS.

The area of operation of the project was spread over Udaipur, Rajsamand and Chittorgarh districts in Rajasthan state, Sagar, Tikamgarh and Chattarpur districts in Madhya Pradesh state and Sultanpur, Allahabad, Raibareily, Pratapgarh, Kaushambi, Lucknow and Unnao districts in Uttar Pradesh state. The target groups were of small and marginal farmers and the landless that comprised about 90 percent. Since April 1987 to March 2002, 145 Primary Farm Forestry Cooperative societies (PFFCS) were promoted by IFFDC (with the membership of 28,287) which have undertaken plantation on an area of 26,208 ha. wastelands (10,955 ha. in UP; 6,271 ha. in MP and 8,982 ha. in Rajasthan) with 93.54 lakh plants (U.P.- 33.57 lakh, M.P.- 39.01 lakh and Raj.- 20.96 lakh) of such diverse species as Shisham, Subabool, Accacia, Eucalyptus, Karanj, Aonla, Guava, etc.

During the year, 3.78 lakhs forestry plants (2.18 lakhs in UP, 0.85 lakhs in MP and 0.75 lakh in Rajasthan) mainly eucalyptus, prosopis, neem, shisham, babool. In addition 8483 horticulture plants

फलदार पौधों जिनमें मुख्यतः आंवला, आम, अमरूद, लीची इत्यादि का भी रोपण भी किया गया। 28 समितियों (26 उ.प्र., 1 म.प्र. व 1 राज. में) को नर्सरी उगाने के कार्य को एक उद्यम के रूप में लिये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इन समितियों द्वारा बहुउद्देशीय प्रजातियों की 11.93 लाख पौध (10.93 लाख उ.प्र. में, 0.90 लाख म.प्र. में एवं 0.10 लाख राज. में) तैयार की गयी जिन्हें वन विभाग, भूमि सुधार निगम, इफको, कोरडेट, सरकारी ऐजेन्सियों आदि को विक्रय किया जा रहा है। रोजगार के लिए 51.01 लाख कार्यदिवस सृजित किए गये, जिनमें से महिलाओं का योगदान 20.91 लाख (41%) कार्य दिवस रहा।

8,497 सदस्यों के साथ 840 स्वयं सहायता समूह गठित किये गये। सदस्यों को आय अर्जन गतिविधियाँ प्रारम्भ करने हेतु रिवाल्विंग फंड से आवश्यकता आधारित ऋण प्रदान कर निरन्तर सहायता की जा रही है। इस प्रकार के ऋण से लाभान्वित 2,785 सदस्यों ने विभिन्न लघु–उद्यम जैसे सिलाई एवं हथकरघा, पंसारी की दुकान, आटा चक्की, बकरी पालन, मुर्गी पालन, अनाज व्यवसाय, साईकिल मरम्मत दुकान, मधु मक्खी पालन इत्यादि शुरू कर दिये तथा नियमित आय अर्जन कर रहे हैं।

परियोजना गतिविधियों से परिस्थितिकीय संतुलन, समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से गरीब ग्रामीणों के लिए रोजगार उत्पन्न करने तथा उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करने में सहायता मिली है।

आई.एफ.एफ.डी.सी. ने भारत सरकार के राष्ट्रीय तिलहन एवं वानस्पतिक तेल विकास बोर्ड (नोवोड) की वित्तिय सहायता से जैट्रोफा की कृषि को भी संवर्द्धित किया तथा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में पी.एफ.एफ.सी.एस. के माध्यम से किसानों के खेतों पर 60 हेक्टेयर बंजर जमीन पर 1.50 लाख जैट्रोफा (रतनजोत) पौधों का रोपण कर जैट्राफा वृक्षारोपण की उन्नत तकनीकी को प्रदर्शित किया। आई.एफ.एफ.डी.सी. की तकनीकी सहायता से इस वृक्षारोपण का अच्छी तरह से रख–रखाव किया जा रहा है। इन पौधों पर फल आना प्रारम्भ हो गया है जिससे समिति सदस्यों की आय में वृद्धि होगी। अतिरिक्त आय अर्जन करने के लिए समितियों द्वारा इफको की सहायता से 6.34 लाख जैट्रोफा पौधे लगाये गये। आई.एफ.एफ.डी.सी. ने छत्तीसगढ़ जिले के राजनांदगांव तथा महासमुंद के इफको अंगीकृत गांवों में 40 हैक्टे. बंजर भूमि पर जैट्रोफा पौध रोपण एवं इसके

आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा बंजर भूमि पर विकसित सघन वन का दृश्य।

A view of Dense Forest Developed on Wasteland by IFFDC.

mainly aonla, mango, guava, Litchi etc. have also been planted by the PFFCS of U.P. 28 PFFCS (26 in U.P., 1 in M.P. and 1 in Rajasthan) have also been facilitated to take up nursery raising as an enterprise. These PFFCS have raised11.93 lakhs saplings (10.93 lakhs in U.P., 0.90 lakh in M.P. and 0.10 lakh in Raj.) of multipurpose species which are being sold to forest dept., Land Reclamation Corporation, IFFCO, CORDET, Govt agencies etc. Employment of 51.01 lakhs workdays were generated, out of which 20.91 lakhs (41%) workdays contributed by women.

840 Self Help Groups have been formed with 8,497 members. The revolving fund continues to help the members by providing need based loans to take up income generation activities. 2,785 members who benefited by availing such loans have started various micro-enterprises like Tailoring and Handloom, Grocery shop, Flour Mills, Goatry, Poultry, Grain trading, Cycle repairing shops, Bee keeping etc. and are earning regular income.

The project activities have helped to bring about ecological balance, generate employment for the rural poor through Integrated Farming Systems and improve their socio-economic status.

IFFDC has also promoted Jatropha cultivation with financial assistance of National Oilseeds and Vegetable Oils Development Board (NOVOD), Govt. of India and planted 1.50 lakh jatropha (Ratanjot) saplings in Uttar Pradesh, Madhya Pradesh and Rajasthan through PFFCS on farmer's fields in an area of 60 hact. and demonstrated improved technology of Jatropha plantation. The plantations are being well maintained under the technical guidance of IFFDC. The plants have started bearing fruits, which shall add to the income of PFFCS members. So far 6.34 lakh Jatropha saplings have been planted by PFFCS with the support of IFFCO to generate additional income. IFFDC has provided technical inputs for jatropha plantation and its maintenance in 40 hectares of wasteland in IFFCO adopted villages in Rajnandagaon and

रखरखाव के लिए तकनीकी सेवाऐं प्रदान की तथा किसानों में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न समितियों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों व एक्सपोजर भ्रमणों का आयोजन भी किया।

आई.एफ.एफ.डी.सी. ने तहसील मुख्यालय सालोन (जिला रायबरेली) में कृषि–वानिकी को वृहद स्तर पर प्रोत्साहित करने तथा कृषक समुदाय में इसकी जागरूकता पैदा करने हेतु एक कृषि वानिकी सेवा केन्द्र आरम्भ किया, जो किसानों को वानिकी बीज, इफको उर्वरक एवं जैव–उर्वरक आदि आदानों के साथ–साथ कृषि–वानिकी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केन्द्रित निशुल्क तकनीकी मार्गदर्शन व परामर्श सेवाऐं प्रदान कर रहा है। किसानों को फसल उत्पादन और वानिकी प्रबन्धन पर प्रतिष्ठित/विशेषज्ञों के माध्यम से तकनीकी सलाह प्रदान करने के लिए इस केन्द्र द्वारा समय–समय पर जागरूकता सभाऐं एवं संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।

आई.एफ.एफ.डी.सी. कृषि वानिकी सेवा केन्द्र, सालोन, जिला रायबरेली (उ.प्र.)

A view of IFFDC Agro-forestry Service Center, Salon, Dist. Raibarelly (U.P.)

पी.एफ.एफ.सी.एस. द्वारा इफको उर्वरकों की आपूर्तिः

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान की प्राथमिक प्रक्षेत्र वानिकी सहकारी समितियों को आर्थिक तौर पर आत्म–निर्भर बनाने के लिये, इफको उर्वरकों का विपणन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस वर्ष कुल 41 पी.एफ.एफ.सी.एस (14 उत्तरप्रदेश, 18 मध्यप्रदेश तथा 19 राजस्थान में) द्वारा 2588 मेट्रिक टन इफको उर्वरकों (1664 मेट्रिक टन यूरिया, 489 मेट्रिक टन डी.ए.पी. तथा 330 मेट्रिक टन एन.पी.के.) तथा कोरडेट से खरीदी जैविक–खाद की आपूर्ति की गई।

देश के विभिन्न भागों से आये 200 प्रतिष्ठित वानिस्पतिज्ञ/वैज्ञानिक/अनुसंधानकर्त्ताओं के लिए जैतपुर कछया पी.एफ.एफ.सी.एस., जिला सागर, (म.प्र.) में एक अनुभव आदान–प्रदान व एक्सपोजर भ्रमण का आयोजन किया गया। उन्हें समिति के

जैतपुर–कछया पी.एफ.एफ.सी.एस., सागर (म.प्र.) में आयोजित एक्सपोजर भ्रमण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा अनुभव आदान–प्रदान का एक दृश्य

A view of experience sharing during exposure visit by the scientists at Jaitpur-Kachhya PFFCS, Sagar (M.P.).

Mahasamund districts of Chhattisgarh and is also organizing specialized training programmes, seminars and exposure visits at various PFFCS to create awareness amongst the farmers.

To promote agro-forestry on larger scale and create its awareness amongst the farming community, IFFDC has started an agro-forestry service center at tehsil headquarter Salon (District Raibarelly) which is providing inputs like, forestry seeds, IFFCO fertilizers and bio-fertilizers along with free technical guidance and consultation to the farmers with main focus on various important aspects of agro-forestry. Awareness creation meetings and seminars are being organized at the center from time-to-time to impart technical know-how of crop production and forestry management to the farmers by the reputed scientists/experts.

Supply of IFFCO Fertilizers through PFFCS:

The PFFCS in UP, MP and Rajasthan were encouraged to take up the marketing of IFFCO fertilisers for economic self sufficiency. Total 41 PFFCS (14 in UP, 18 in MP and 9 in Rajasthan) supplied 2588 MTs IFFCO fertilizers (1664 MT Urea, 489 MT DAP, 330 MT NPK and 105 MT 20:20:00) and bio-fertilizers purchased from CORDET during the year.

An Experience Sharing cum Exposure visit of 200 distinguished Botanists/Scientists/Researchers from various parts of the country was organized at Jaitpur Kachhya PFFCS, dist Sagar (M.P.).They were briefed about various farm forestry activities being undertaken in the

अन्तर्गत संचालित की जा रही वानिकी की विभिन्न गतिविधियों, समिति में जैव विविधता संरक्षण केन्द्र विकास हेतु बंजर भूमि विकास तथा पर्यावरण सुधार में अन्तर्गत बहु–उद्देश्यीय प्रजाति से सहभागी वनीकरण की भूमिका से अवगत कराया। प्रतिभागियों ने वृक्षारोपण स्थल, औषधीय पौधों की कृषि क्षेत्रों तथा समितियों के अन्तर्गत विकसित द्वारा तैयार किये गये समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों तथा समिति सदस्यों से विस्तारपूर्वक वार्ता की तथा आई.एफ.एफ.डी.सी. के सहयोग एवं मार्गदर्शन से समितियों में संचालित गतिविधियों की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

प्रभाव : पी.एफ.एफ.सी.एस. पयार्वरण सुधार के लिये केन्द्रिक संस्थाओं के रूप में कार्य कर रही हैं, तथा समुदाय की जलाऊ लकड़ी व चारे की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। ग्रामीण स्तर पर लोगों की वैध संस्था के रूप में ये समितियाँ, समुदाय के लाभ के लिये विभिन्न बाहरी संसाधन जुटाने में सहायता कर रही हैं। पी.एफ.एफ.सी.एस. स्तर पर तथा सदस्य स्तर पर प्रारंभ की गई विभिन्न आय अर्जन गतिविधियाँ तथा लघु उद्योग इन संस्थाओं को स्वावलम्बन (स्व–स्थायित्व) की ओर ले जा रहे हैं तथा समुदाय की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार ला रहे हैं।

II. पश्चिमी भारत बारानी खेती परियोजना

माननीय सदस्यों को ज्ञात है कि आई.एफ.एफ.डी.सी. ने अप्रैल 1999 में राजस्थान के चितौड़गढ जिले की प्रतापगढ तहसील में ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डी.एफ.आई.डी.) द्वारा सहायता प्राप्त ''पश्चिमी भारत बारानी खेती परियोजना'' आंरभ की। पहले दो वर्षों के लिए इस परियोजना का कार्यक्षेत्र प्रतापगढ में 25 मुख्य ग्रामों तक सीमित था। जनवरी 2002 से इस परियोजना का मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के 50 अतिरिक्त मुख्य ग्रामों में विस्तार किया गया। यह परियोजना जिसका लक्ष्य 400 ग्रामों (75 मुख्य ग्रामों, 100 विस्तारित ग्रामों और 225 केन्द्रीभूत ग्रामों) में 1,50,000 अनुसूचित जनजाति प्रधानतापूर्ण गरीब आदिवासियों मुख्यतः भील व मीणा की आजीविका को बढ़ावा देना था, 31 मार्च, 2006 को सफलतापूर्वक पूर्ण हुई।

परियोजना अपनी अवधि 31 मार्च, 2006 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर चुकी है, तथापि परियोजना की समाप्ति के पश्चात चिरन्तरता के लिए आई.एफ.एफ.डी.सी. परियोजना स्टॉफ के मार्गदर्शन में परियोजना गतिविधियों का लगातार अनुसरण किया जा रहा है। घटकवार विवरण नीचे दिया जा रहा है:–

संस्थागत विकास

परियोजना अवधि के दौरान गठित किये गये 939 स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं। परियोजना गांवो में से पहचान किये

PFFCS, the role of participatory afforestation of multi-pupose species in wasteland development and environment up-gradation for developing bio-diversity conservation hub in the PFFCS. Participants visited the plantation sites, medicinal plants cultivation fields, and exhibition of SHG products produced developed in the PFFCS. They interacted with members of the SHGs and PFFCS at length and highly appreciated the ongoing activities in the PFFCS being undertaken with the support and guidance of IFFDC.

Impact: PFFCS are serving as nodal agencies for environment upgradation and catering to the fuel wood & fodder needs of the community. As people's organizations at village level with legal status, these are helping in mobilization of various outside resources for benefit of the community. Various income generating activities and micro-enterprises started at PFFCS & individual members level are leading towards self-sustainability of these organisations and improvement of socio-economic status of the community.

II. WESTERN INDIA RAINFED FARMING PROJECT

Hon'ble members are aware that in April 1999, IFFDC took up a project entitled "Western India Rainfed Farming Project (WIRFP)" in Pratapgarh tehsil of Chittorgarh district of Rajasthan supported by the Department for the International Development (DFID) UK Govt. For the first two years the scope of this project was limited to 25 core villages in Pratapgarh. The project was expanded to Ratlam district of M.P. in additional 50 core villages w.e.f. January 2002. The project with the aim to enhance the livelihood of 1,50,000 poor tribal people dominated by Scheduled Tribes (ST) mainly Bhils and Meenas in 400 villages (75 core, 100 dissemination villages and 225 proximal villages) has been successfully completed on 31st March,2006.

However, the follow up of project interventions after withdrawl are continuing for long term sustainability under the guidance of IFFDC project staff. Component wise details are given below:-

INSTITUTIONAL DEVELOPMENT

939 Self Help Groups formed during the project period are functional. 925 Jankars (para-

गये एवं प्रशिक्षित 925 (33% महिलाऐं) जानकार अपने संबंधित क्षेत्रों के लिये योजना निर्माण, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण में सहायता प्रदान कर रहे हैं।

आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा संवर्द्धित 22 प्राथमिक आजीविका विकास सहकारी समितियाँ (पी.एल.डी.सी.एस.) भी परियोजना क्षेत्र में कार्यरत हैं। स्वयं सहायता समूह एवं पी.एल.डी.सी.एस. के सदस्यों, कार्यालय कर्मचारियों तथा जानकारों के ज्ञान एवं कुशलता उन्नयन हेतु उन्हें आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे है।

मुख्य कार्यकारी, आई.एफ.एफ.डी.सी. जानकार क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, जानकारों को प्रोत्साहित करते हुए ।

Chief Executive, IFFDC encouringing Jankars during capacity building training programme.

प्रभावः

- स्वयं सहायता समूहों द्वारा महिलाओं की तत्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करके उन्हें मुख्य धारा में लाने तथा बचत तथा उद्यमिता विकास की प्रवृत्ति विकसित करने में मदद की जा रही है।
- प्राथमिक आजीविका विकास सहकारी समितियाँ समुदाय को अपने विचार, मत रखने तथा समुदाय सम्बधी अन्य समस्याओं एवं विकास की पहल करने हेतु एक समान मंच के रूप में कार्य कर रही हैं।

कृषि प्रणाली विकास

परियोजना अवधि में कृषकों के खेतों में उन्नत किस्म के मक्का, उडद, सोयाबीन, सरसों, गेहूँ, चना तथा कपास एवं सब्जियों के उन्नत बीजों व अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के बीज प्रदान कर लगाये गये सहभागी प्रजाति परीक्षण प्रदर्शनों से कृषकों के उन्नत बीज का बहुलीकरण करने में मदद हुई। जिनका उन्होंने अधिक उपज प्राप्त करने के लिए बुवाई हेतु उपयोग किया।

तैयार कम्पोस्ट तथा वर्मी कम्पोस्ट गड्ढे तथा कृषकों को प्रदत्त स्प्रे पम्प, हंसिया, मक्का शेलर, सोयवीडर, सीडड्रिल,

professional) identified from project villages itself (33% women) and trained are supporting the village community in their respective fields for planning, implementation and monitoring of the group activities.

22 Primary Livelihood Development Cooperative Society (PLDCS) promoted by IFFDC are also functioning in the project area. SHGS & PLDCS members, Office bearers and Jankars are being imparted need based trainings to upgrade their knowledge and skill.

Impact:

- SHGs are helping in addressing the fulfillment of immediate needs by bringing the women in the mainstream and developing a sense of savings & entrepreneurship.
- PLDCSs are acting as a common platform for the community to express their views, ideas and other community-related problems and take development initiatives.

FARMING SYSTEM DEVELOPMENT

Participatory Varietal Trials conducted on various crops at farmer's field during the project period by providing improved high yielding variety seeds of Maize, Urd, Soybean, Mustard, Wheat, Gram, Cotton and Vegetables seeds have helped the farmers in multiplying their own improved seed, which they use for sowing to obtain higher yields.

परियोजना क्षेत्र, प्रतागढ़ (राजस्थान) में अन्तः फसल खेती पर खण्ड प्रदर्शन।

Block demonstration on intercropping in the project area, Pratapgarh (Rajasthan).

Compost & vermi compost pits dug and farm Implements like spray pumps, sickles, Maize Shellers, Soyweeders, Seed Drills, Threshers and Hand/

थ्रेशर, हैन्ड/व्हील खुदाली इत्यादि उनके द्वारा श्रम में कमी लाने हेतु प्रयोग में लाये जा रहे हैं।

फसल जानकार फसलों की नवीनतम कृषि पद्धतियों के बारे में किसानों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

"गिरीराजा गिरीरानी" कुक्कुट पक्षी वाले परिवारों ने उनको बढ़ाया है तथा पशु जानकारों द्वारा भी गांवों में बचाव के साथ–साथ मौके पर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा रही हैं।

Wheel Hoe etc. provided to the farmers are being used by them to overcome drudgery.

Crop jankars are guiding the farmers about latest package of practices of crops.

Households with 'Giri Raja Giri Rani' poultry birds have multiplied & Veterinary Para-Professionals (Jankars) are providing preventive as well as on the spot health services in the villages itself.

परियोजना अवधि में जल संसाधन विकास के लिए 230 संकन तालाब, निर्मित 515 फार्म तालाबों, लगाये गये 113 हैण्डपम्पों, गहरे एवं मरम्मत किये गये कुँए, निर्मित 104 एनीकटों (932 हेक्ट. क्षेत्र सिंचित), मरम्मत किए गये 35 एनीकटों तथा साफ किये गये 10 एनीकटों, निर्मित 49 बाँधों, 22 रपटों, गहरीकृत 31 तालाबों से प्रति इकाई औसत पैदावर में वृद्धि के लिए सिंचाई प्रदान करने में मदद मिल रही है।

परियोजना क्षेत्र में निर्मित बाँध का एक दृश्य।

A view of Check Dam constructed in the project area.

For water resource development, 230 sunken ponds, excavated 515 farm ponds, installed, 113 hand pumps, deepened and repaired wells, constructed 104 anicuts (irrigating 932 ha. land), repaired 35 anicuts, desiltated 10 anicuts, constructed 49 earthen dams, 22 Rapats and deepened 31 ponds during the project are helping by providing irrigation to obtain higher yield per unit area.

प्रभाव

- आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा किसानों को आवश्यक नई तकनीक ज्ञान तथा कौशल उपलब्ध कराकर उनकी मदद की गई।
- परियोजना के कई गांवों में फसल पद्धति बहुत ही शीघ्र बदल रही हैं। संग्रहित पानी से किसान अब नगदी फसलों, सब्जी एवं फलदार फसलों की बुवाई कर कर रहे हैं।
- आई.एफ.एफ.डी.सी. द्वारा शुरू की गई कृषि वानिकी आधारित खेती के अनुरूप कुछ फलोद्यानों के साथ – साथ खेतों के किनारों एवं बंधों पर जलाऊ लकड़ी तथा पशुओं के चारे की खेती तथा खाली जगह पर कृष्य फसलों को लगाया गया। कुछ परिवार जिन्होनें फलदार बाग लगाये उन्हें 15,000–20,000 रु. प्रति हेक्टेयर तक की आमदनी हो रही है।
- विशेषतः भमिहीन परिवारों की भागीदारी से उनकी और आय में वृद्धि हेतू आय–अर्जन गतिविधियों जैसे फलदार पौधे लगाना, वर्मी कम्पोस्ट, दस्तकारी से आमदनी बढ़ोत्तरी हुई है। कुछ गांवो में किसानों ने अपनी आय बढ़ाने हेतु क्रास ब्रीड गायों, उन्नत नस्ल की भैंसें तथा बकरियाँ भी पालना प्रारंभ किया है।

Impact -

- IFFDC helped the farmers by providing need based skills and latest technical knowledge.
- In many project villages the cropping pattern is changing very quickly. Farmers have now started sowing cash crops, vegetables and fruit crops by irrigating with harvested water.
- Tree-based farming model launched by IFFDC has established some fruit orchards along-with cultivation of fuel, wood and fodder forestry trees on borders and bunds and arable crops in the inter-space. With the orchards bearing fruits, some families are earning Rs 15,000-20,000 per hectare.
- Income generation activities such as raising of fruit plants, vermi composting, handicrafts started to enhance their income particularly by involving the landless families are being carried out. In some villages farmers have also started rearing crossbred cows, improved breeds of buffaloes and goats to supplement their income.

- घरेलू उपयोग के लिए महिलाओं को भी महत्वपूर्ण लाभ पहुँचा है। अब वे घरेलू उपयोग के लिए पीने के पानी, चारा तथा जलाऊ लकड़ी के स्त्रोतों के प्रति आश्वस्त हुई हैं। महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याओं ने उन्नत कृषि आधारित विषयों के साथ–साथ स्वास्थ्य, साक्षरता, बच्चों की शिक्षा, सामाजिक शोषण एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों से सम्बंधित समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया तथा समस्याओं के उचित समाधान ढूढें।
- सिंचाई के साधन आने से भूमि के मूल्य में सार्थक वृद्धि हुई है।
- जल संचित टैंकों के बनाए जाने से आसानी से पीने के पानी, पर्याप्त चारा उपलब्ध हुआ, जिससे पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि व महिला श्रम में कमी आई है।
- सुदुर व अगम्य क्षेत्रों में जहां पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध नहीं है, पशुधन जानकर अपनी सेवाओं से आजीविका अर्जन कर रहे हैं।
- पशुओं में बीमारी की रोकथाम एवं उनके खुली चराई करने पर नियंत्रण करने हेतु भी प्रोत्साहित किया गया। दुग्ध उत्पादन (डेयरी) के व्यवसाय ने महिलाओं को पर्याप्त आय अर्जन करने के अच्छे अवसर प्रदान किये।
- घर के अहाते में ''गिरिराजा–गिरिरानी'' नस्ल के कुक्कुट पालन से भूमिहीन ग्रामवासियों को स्थायी आय प्राप्त हो रही है।
- सभी गाँवों में किसानों द्वारा एकजुट होकर अधिकतर गाँवों में वर्षभर पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु अधिकतम वर्षा जल संग्रहण हेतु कार्य कर रहे हैं।
- जलग्रहण संरचनाओं के बनने के पश्चात् 328 परिवारों में पलायन में कमी आई है।

परियोजना अवधि के दौरान, विद्यमान कर्मचारियों का सहभागी ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण घटकों पर क्षमता विकास किया गया था। सामुदायिक सम्पत्ति का निरन्तर रखरखाव और प्राथमिक आजीविका विकास सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों, जल उपयोग समितियों, जानकारों जैसी विभिन्न समुदाय आधारित संस्थाओं की निरन्तरता हेतु कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। परियोजना समाप्ति के पश्चात परियोजना कार्यालय प्रतापगढ़ (राज.) और रतलाम (म.प्र.) के लुघुकरण के उपरान्त सामुदायिक विकास हेतु वर्ष के दौरान सम्पन्न की गई गतिविधियों का विवरण नीचे तालिका में दिया जा रहा है।

- Significant benefits have also reached to the women. Now they have assured source of water for drinking, fodder and fuel for domestic consumption. Members of the women's Self Help Groups in addition to issues related to improved farming also discuss their problems related to health, functional literacy, education of children, social exploitation and other social evilsand identified suitable solutions for their problems.
- Introduction of irrigation facilities has increased the land prices considerably.
- Construction of water storage structure lead to easier access to drinking water, increased fodder availability thereby increased productivity of animals and reduction in women's drudgery.
- Livestock Jankars are earning their livelihood by charging for services, in the remote and inaccessible areas where no veterinary services are available.
- Preventive health care and controlled grazing are being followed. Dairy husbandry has provided good opportunity for women to earn substantial income.
- Backyard poultry with 'Giriraja-Girirani' is providing substantial income to landless villagers.
- Farmers are working unitedly for harvesting maximum rain water for ensuring, water availability throughout the year.
- After construction of WRD structures, migration by 328 households has been reduced.

During the project period, capacity of the existing staff has been built on important components of participatory rural development. Field staff is facilitating for sustenance and maintenance of community assets and community based organisations like Primary Livelihood Development Cooperative Societies, Self Help Groups, Water User Associations and Jankars etc. Details of various activities carried out during the year for community development after completion of the project by downsizing the offices at Pratapgarh (Rajasthan) and Ratlam (MP) are given in the following Table.

तालिका : परियोजना कार्यालय और गतिविधिवार प्रगति (अप्रैल 07 से मार्च 08)

Table : Project office and activity wise progress (April 07 to March 08)

क्र.सं. S.No.	कार्यक्रम Programme	उपलब्धियाँ / Achievements		
		रतलाम Ratlam	प्रतापगढ़ Pratapgarh	योग Total
1.0	**गाम स्तरीय कार्यक्रम Villlage Level Programme**			
1.1	समिति बैठकें PLDCS Meeting (No.)	70	28	**98**
1.2	वार्षिक कार्य योजना (स्वयं सहायता समूहों की सं.) Annual work plan ((No.of SHG)	354	70	**424**
1.3	प्रा.आ.वि.स. समिति योजना (सं.) PLDCS Plan (No.)	14	7	**21**
1.4	दिवस/सप्ताह समारोह (सं.) Celebration of Days/ Weeks (No.)	52	18	**70**
1.5	सहकारी/गैर सरकारी संस्थाओं/एस.ए.यू. तथा आई.सी.ए.आर. केन्द्रों से सम्पर्क (सं.) Liasion & Linkages with GOs/ NGOs/SAUs & ICAR centres (No.)	52	6	**58**
1.8	स्वास्थ्य शिविर/स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम (सं.) Health Camps/ Health Awareness Prog. (No.)	11	2	**13**
2.0	**फसल कार्यक्रम Crop Programme**			
2.1	फसल गोष्ठी (संख्या) Crop Seminar (No.)	2	2	**4**
3.0	**पशुधन कार्यक्रम Livestock Programme:**			
3.1	पशु चिकित्सा शिविर (ग्रामों की सं.) Vet. Camps (No. of Villages)	15	2	**17**
4.0	**समुदाय प्रशिक्षण (जानकार सहित) Community Training (including Jankar)**			
4.1	स्वयं सहायता समूह/आयवर्धन गतिविधियां (सं.) Self Help Group/ IGA (No.)	16	6	**22**
4.2	एस.डब्ल्यू.सी./डब्ल्यू.आर.डी./एफ.एस.डी. (सं.) SWC/WRD/FSD (No.)	11	0	**11**

सम्पर्क कार्यालय जयपुर (राज.) और भोपाल (म.प्र.)

भोपाल (म.प्र.) तथा जयपुर (राजस्थान) में स्थापित सम्पर्क कार्यालय सरकारी संस्थाओं और गैर सरकारी संस्थाओं से संसाधन लाने, प्रभावित करने, जुड़ाव एवं नीति वकालत के कार्यों हेतु संचालित हैं। ये कार्यालय राज्य सरकारों, संस्थाओं से योजनाओं/नीतियों की सूचनाओं हेतु परियोजना की

Liaison offices Jaipur (Raj.) and Bhopal (M.P.)

Liaison offices established at Jaipur (Raj.) and Bhopal (M.P.) are operating to function for resources mobilization, influencing, networking and policy advocacy with GOs, NGOs. These offices are making regular contacts/linkages with State Govt., institutions for information of policies/schemes; effective policy

अंगीकृत/परीक्षित तकनीकों एवं दृष्टिकोणों का असरदार नीति से प्रभावीकरण/ समर्थन; सरकार की अपनायी गयी योजनाओं को समय रहते बताने और दाता संस्थाओं से नयी परियोजनाओं एवं योजनाओं के जुटाव हेतु कार्यरत है।

आई.एफ.एफ.डी.सी. ने अपनी सहभागी दृष्टिकोणों, जांची परखी गई विधियों, विकसित की गई तकनीकियों तथा क्रियान्वित की गई विभिन्न परियोजनाओं जैसे कि प्रक्षेत्र वानिकी परियोजनाओं, पश्चिमी भारत बारानी खेती परियोजना की सीखों पर आधारित विभिन्न आजीविका विकास की परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया है।

पुरस्कार/सम्मानः

- डॉ. हरीसिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) द्वारा डॉ. पी. एस. मरवाहा, मुख्य कार्यकारी, आई.एफ.एफ.डी.सी., नई दिल्ली को दिनांक 21 जनवरी, 2008 को आयोजित, राष्ट्रीय संगोष्ठी "करंट चैलेंज इन बायोलोजीकल साइंस विजन 2008" के समापन समारोह के अवसर पर बुंदेलखण्ड क्षेत्र में बंजर भूमि विकास और जैव-विविधता संरक्षण पर किए गये विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता डॉ. डी.पी. सिंह, कुलपति, डॉ. एच.एस. गौड़ विश्वविद्यालय, सागर (म. प्र.) द्वारा की गई। डॉ. मरवाहा ने विदाई समारोह में देश के विभिन्न भागों से आये 175 वैज्ञानिकों/ भागीदारों को सम्बोधित किया।

डॉ. पी.एस. मरवाहा, मुख्य कार्यकारी, आई.एफ.एफ.डी.सी., सागर (म.प्र.) में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी "करंट चैलेंज इन बायोलोजीकल साइंसेज़ विजन 2008" के समापन अवसर पर वानस्पतिक वैज्ञानिकों को सम्बोधित करते हुए।

Dr. P.S. Marwaha, Chief Executive, IFFDC addressing the Botonists during valedictory session of National Seminar on "Vision 2008: Current Challenges in Biological Sciences" held at Sagar (M.P.).

- डॉ. पी.एस. मरवाहा, मुख्य अधिशाषी, श्री एच.सी. गेना, परियोजना अधिशाषी, आई.एफ.एफ.डी.सी. एवं नई दिल्ली एवं डॉ. जी.पी. तिवारी, वरिष्ठ परियोजना समन्वयक, आई. एफ.एफ.डी.सी., रतलाम को **"फ्रेंडशिप फोरम ऑफ इंडिया"**, नई दिल्ली द्वारा जून 9, 2007 को प्रतिष्ठित **"आर्क ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड"** तथा **"इडियन गोल्डन एचीवर्स अवार्ड"** वर्ष 2007 के साथ **स्वर्ण पदकों एवं सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस एवं फेसिलिटेशन प्रमाण पत्रों** से इनके द्वारा आजीविका संवर्द्धन के माध्यम से ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भारतीय छवि को उभारने हेतु प्रदत्त उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरुस्कृत किया गया।

influencing/ advocacy about adopted/ tested project approaches and technologies; timely feed back to the Govt. regarding adopted schemes and access for new projects/schemes to the donor agencies etc.

IFFDC has started to implement various livelihood development project based on its participatory approaches, tested methodologies, evolved technologies and different learnings during the project implemented viz: Farm Forestry project and Western India Rainfed Farming Project.

AWARDS/ HONOURS

- Dr P. S. Marwaha, Chief Executive, IFFDC, New Delhi was honoured by Dr Hari Singh Gour University, Sagar (M.P.) at the occasion of valedictory ceremony of National Seminar on "Vision 2008: Current Challenges in Biological Sciences" held during January 20-21, 2008 at Sagar (M.P.) for his outstanding contribution to Wasteland Development, Environment upgradation and Bio-diversity Conservation in Bundelkhand region. The function was chaired by Dr D. P. Singh, Vice Chancellor, Dr H. S. Gour University, Sagar (M.P.) wherein Dr. Marwaha delivered the Valedictory Address to 175 scientists/ participants from all over the country.

- Dr. P.S. Marwaha, Chief Executive and Sh H. C. Gena, Project Executive, IFFDC, New Delhi, Dr.G.P. Tewari, Sr Project Coordinator, IFFDC, Ratlam were honored with the prestigious **"Arch of Excellence Award" and "Indian Golden achievers Award"** for the **year 2007** alongwith **Gold Medals and Certificates of Excellence and Falicitation** by **"Friendship Forum of India"**, New Delhi on June 9, 2007 for their outstanding contribution in enhancing the Indian image in the field of Rural Development through Livelihood promotion.

डॉ. पी.एस. मरवाहा, मुख्य कार्यकारी, श्री एच.सी. गेना, परियोजना अधिशाषी, आई.एफ.एफ.डी.सी., नई दिल्ली एवं डॉ. जी.पी. तिवारी, वरि. परियोजना समन्वयक, रतलाम को "अन्तर्राष्ट्रीय पेग्विंन पब्लिशिंग हाउस" के संरक्षण में "फ्रेंडशिप फोरम ऑफ इंडिया", नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित **"आर्क ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड"** तथा **"इंडियन गोल्डन एचीवर्स अवार्ड"** वर्ष 2007 के साथ स्वर्ण पदकों एवं उत्कृष्टता व फेसिलिटेशन प्रमाण पत्रों से **सम्मानित किया गया।**

Dr. P.S. Marwaha, Chief Executive, Sh H. C. Gena, Project Executive, IFFDC, New Delhi and Dr. G.P. Tewari Sr. Project Coordinator, Ratlam honored with the prestigious "Arch of Excellence Award" and "Indian Golden achievers Award" for the year 2007 alongwith Gold Medals and Certificates of Excellence and Facilitation by "Friendship Forum of India" under the aegis of "International Penguin Publishing House", New Delhi

- डॉ. पी.एस. मरवाहा, मुख्य अधिशाषी, आई.एफ.एफ.डी.सी., नई दिल्ली, को **"फ्रेंडशिप फोरम ऑफ इंडिया"**, नई दिल्ली द्वारा जून 9, 2007 को प्रतिष्ठित **"लाईफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड"** वर्ष 2007 से इनके द्वारा भारत के निम्नतम, साधन रहित, वंचित तथा निर्धन आदिवासी समुदाय की गरीबी निवारण के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक विकास के क्षेत्र में प्रदत्त उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरुस्कृत किया गया।

III. स्टेट इनोवेशनस इन फेमिली प्लानिंग सर्विसेज (सिफ्पसा) परियोजना

माननीय सदस्यों को ज्ञात है आपकी समिति जिला सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) के शाहगढ़ और भिटुआ खण्डों के 61 गाँवों के 21,744 परिवारों सहित कुल 1.25 लाख जनसंख्या हेतु एक परियोजना ''इनोवेटिव एक्शन ओन आर.सी.एच. सेवाएँ'' क्रियान्वित कर रही थी जो कि यू.एस.ए.आई.डी. द्वारा सिफ्पसा, लखनऊ के तहत वित्त पोषित थी। यह परियोजना जो दिसम्बर, 2002 को प्रारम्भ की गयी थी, वह मार्च, 2005 को सफलतापूर्वक पूर्ण हुई।

परियोजना में परिवार नियोजन कार्यों को अपनाने हेतु कुल 1,53,734 (65,589 शाहगढ तथा भिटुआ ब्लाक) जनसंख्या को शामिल किया गया था।

